**व्याख्या-**

– साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार – यह एक साहित्यिक सम्मान है, यह पुरस्कार, साहित्य अकादमी द्वारा 22 मुख्य भारतीय भाषाओं में अद्वितीय काम करने वाले युवा लेखकों को दिया जाता है।

**58. राजेश्वरी कुमारी, जिन्होंने बाकू, अज़रबैजान में आयोजित विश्व चैंपियनशीप में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलंपिक हेतु पात्रता प्राप्त की है, का संबंध किस खेल से है?**

(a) तीरंदाजी (b) निशानेबाजी
(c) जिम्नास्टिक (d) लम्बी कूद
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– राजेश्वरी कुमारी का संबंध निशानेबाजी खेल से है। उन्होंने बाकू, अज़रबैजान में आयोजित विश्व चैंपियनशीप में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलंपिक हेतु पात्रता प्राप्त की है।

**59. भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को ISSF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ये स्पर्धा निम्न में से किस देश में आयोजित की गई थी?**

(a) नेपाल (b) फ्रांस
(c) दक्षिण कोरिया (d) कनाडा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को दक्षिण कोरिया के चांगवोन शूटिंग रेंज में आईएसएसएफ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

**60. हाल ही में भारत की सी.ए. भवानी देवी ने एशियन फेन्सिंग चैम्पियनशिप में एक कांस्य पदक जीता है। वे सेमीफाइनल में किस देश के खिलाड़ी से हारीं?**

(a) मिस्र (b) यू.ए.ई.
(c) जापान (d) उज्बेकिस्तान
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– एशियाई तलवारबाज़ी चैंपियनशिप 2023 - भवानी देवी ने विश्व चैंपियन मिसाकी एमुरा को हराकर भारत को पहला पदक दिलाया ।
– भवानी देवी ने क्वार्टरफ़ाइनल में मिसाकी एमुरा को हराया लेकिन सेमीफ़ाइनल में उज़्बेकिस्तान की ज़ैनब दयाबेकोवा से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

**61. किस भारतीय संस्था को गांधी शांति पुरस्कार 2021 हेतु चयनित किया गया?**
(a) सुलभ इण्टरनेशनल
(b) गीता प्रेस, गोरखपुर
(c) रामकृष्ण मिशन
(d) विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– गांधी शांति पुरस्कार भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। वर्ष 1995 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके आदर्शों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप इस पुरस्कार की स्थापना की गई थी। यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग के भेदभाव के बगैर सभी व्यक्तियों के लिए खुला है।

**62. एफ. आई.एस.यू. (FISU) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 की पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया है ?**
(a) 6वाँ (b) 7वाँ
(c) 4वाँ (d) 5वाँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में भारत ने पदक तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था। इस टूर्नामेंट में भारत ने 11 स्वर्ण, पांच रजत, और 10 कांस्य पदक जीते थे।

**63. 12 अगस्त, 2023 को भारत ने हॉकी की चौथी एशियन चैम्पियनशिप ट्रॉफी में मलेशिया को अन्तिम मैच में हराया। यह मैच किस स्टेडियम में खेला गया था?**
(a) श्री कांतिरावा स्टेडियम
(b) मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम
(c) जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
(d) एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के फाइनल मैच में मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार ख़िताब अपने नाम किया।

**64. अरब यात्री सुलेमान ने किस प्रतिहार राजा के शासनकाल में भारत की यात्रा की?**
(a) नागभट्ट प्रथम (b) नागभट्ट द्वितीय
(c) भोज प्रथम (d) वत्सराज
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– अरब यात्री सुलेमान ने गुर्जर-प्रतिहार वंश के शासन मिहिरभोज के काल में भारत की यात्रा की थी। सुलेमान 9वीं शताब्दी के मुस्लिम व्यापारी, यात्री, और लेखक थे, उन्होंने भारत और चीन की यात्रा की थी और 850 ईस्वी के आस-पास अपनी यात्राओं का वृत्तांत लिखा था।

**65. कन्हैया लाल मित्तल, मांगीलाल बाव्या और मकबूल आलम निम्नलिखित किस प्रजा मण्डल आन्दोलन से सम्बद्ध थे?**
(a) बाँसवाड़ा राज्य प्रजा मण्डल
(b) झालावाड़ राज्य प्रजा मण्डल
(c) करौली राज्य प्रजा मण्डल
(d) बूंदी राज्य प्रजा परिषद्
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– झालावाड़ प्रजामंडल की स्थापना 1946 को हुई थी। कन्हैया लाल मित्तल, मांगी लाल भाव्या और मकबूल आलम झालावाड़ राज्य प्रजा मंडल से जुड़े थे।

**66. मत्स्य संघ का वृहत् राजस्थान में विलय कब हुआ?**
(a) 25 जनवरी, 1950
(b) 18 अप्रैल, 1948
(c) 15 मई, 1949
(d) 30 मार्च, 1949
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– मत्स्य संघ का विलय वृहद राजस्थान में 15 मई, 1949 को हुआ था, मत्स्य संघ का गठन 18 मार्च, 1948 को चार रियासतों के विलय से हुआ था - अलवर, भरतपुर, धौलपुर, और करौली।

**67. एकी आन्दोलन प्रारम्भ करने के पहले मोतीलाल तेजावत किस राजपूत ठिकाने में कामदार के पद पर कार्यरत थे?**
(a) सलूम्बर
(b) झाड़ोल
(c) देवगढ़
(d) कोठारिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– एकी आंदोलन शुरू करने से पहले मोतीलाल तेजावत, मेवाड़ रियासत के झाड़ोल ठिकाने पर काम करते थे। मोतीलाल तेजावत, एकी आंदोलन के प्रमुख नेता थे। इस आंदोलन की शुरुआत चित्तौड़गढ़ के मातृकुंडिया नामक स्थान से हुई थी। इस आंदोलन को भोमट भील आंदोलन भी कहा जाता है।

**68. झाड़ोल (उदयपुर), कुराड़ा (नागौर) और साबणिया (बीकानेर) में क्या समानता है?**
(a) पुरा-पाषाण युग के केन्द्र
(b) ताम्रपाषाण संस्कृति के केन्द्र
(c) ताम्र उपकरणों के भण्डार
(d) लघु पाषाण उपकरण मिले हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान के ताम्रपाषाण कालीन संस्कृति स्थल- झाड़ोल, साबणिया, कुराड़ा है।

**69. निम्नलिखित किस प्राचीन स्थल के उत्खनन में मालव जनपद की लौह सामग्री के विशाल संग्रह की जानकारी प्राप्त हुई है?**

(a) नगरी (मध्यमिका) (b) नगर (नैनवाँ)
(c) रैढ़ (टोंक) (d) सांभर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– रैढ़ को लौह सामग्री की प्रचुरता के कारण प्राचीन राजस्थान के टाटानगर की संज्ञा दी गई है। मालव जनपद का समीकरण टोंक जिले में स्थित नगर या ककोर्टनगर से किया जाता है। नगर का प्राचीन टीला राजस्थान के टोंक जिले में स्थित है।

**70. अजमेर का पराक्रमी चौहान शासक, जिसने दिल्ली पर विजय प्राप्त कर उसे अपने साम्राज्य में शामिल कर लिया। वह था -**

(a) अर्णोराज (b) विग्रहराज चतुर्थ
(c) पृथ्वीराज तृतीय (d) अजयराज
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– विग्रहराज चतुर्थ - अजमेर के वह पराक्रमी चौहान शासक थे जिन्होंने दिल्ली पर विजय प्राप्त कर उसे अपने साम्राज्य में शामिल कर लिया था।

**71. कुवलयमाला नामक कथा संग्रह में कितनी देशी भाषाओं के नाम का उल्लेख हुआ है?**

(a) 17 (b) 18
(c) 15 (d) 16
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– कुवलयमाला में राजस्थान की 18 देशी भाषाओं का ज़िक्र है। कुवलयमाला, जैन साहित्य का एक ग्रंथ है, जिसे उद्योतन सूरी ने लिखा था। इस ग्रंथ में आठवीं शताब्दी के भारत के सांस्कृतिक जीवन का चित्रण है।

**72. 'अचलदास खींची री वचनिका' के लेखक हैं-**

(a) केसरी सिंह बारहठ (b) गोपाल दान कविया
(c) चारण शिवदास (d) रामनाथ कविया
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– 'अचलदास खींची री वचनिका' के लेखक शिवदास गाडण हैं। यह डिंगल ग्रंथ है, जिसमें मांडू के सुल्तान हौशंगशाह और गागरौन के शासक अचलदास खींची के बीच हुए युद्ध (1423 ई.) का ज़िक्र है।

**73. निम्न में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?**

(a) मल्लीनाथजी - गागरोण
(b) रामदेवजी - रामदेवरा
(c) पाबूजी - कोलू
(d) तेजाजी - खड़नाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

– मल्लिनाथ मध्यकालीन पश्चिमी राजस्थान के प्रमुख लोक देवता के रूप में विख्यात हुए।
– लोकदेवता मल्लीनाथ जी का मंदिर तिलवाड़ा में है।

**74. चन्द्रभागा मेला प्रतिवर्ष कार्तिक मास में कहाँ आयोजित होता है?**

(a) बाँसवाड़ा (b) बूंदी
(c) झालरापाटन (d) डूंगरपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– चंद्रभागा मेला, राजस्थान के झालरापाटन में हर साल कार्तिक महीने में लगता है। यह मेला चंद्रभागा नदी को समर्पित है।

**75. निम्न में से कौन-सा राजस्थान का दुर्ग गिरि दुर्ग नहीं है?**

(a) जालौर का दुर्ग (b) गागरोण का दुर्ग
(c) सिवाणा का दुर्ग (d) चित्तौड़गढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– गागरोन दुर्ग भारतीय राज्य राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित जल दुर्ग है। यह काली सिंध नदी और आहु नदी के संगम पर स्थित है।

**76. प्रसिद्ध चित्रकार मुहम्मद शाह जयपुर के किस महाराजा का दरबारी चित्रकार था?**

(a) सवाई जगत सिंह (b) सवाई राम सिंह द्वितीय
(c) सवाई जय सिंह (d) सवाई प्रताप सिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– जयपुर में लघु चित्रकला की शुरुआत सवाई जयसिंह के संरक्षण में हुई। मुहम्मद शाह और साहिब राम जयपुर शैली के प्रमुख चित्रकार थे।

**77. राजस्थान में किस संप्रदाय के पुरुषों द्वारा अनि नृत्य किया जाता है?**

(a) रामस्नेही संप्रदाय (b) बिश्नोई संप्रदाय
(c) दादू पंथ (d) जसनाथी सिद्ध
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– अग्नि नृत्य - जसनाथी संप्रदाय के पुरुष करते हैं। इस नृत्य का उद्गम स्थल बीकानेर का 'कतरियासर' गांव माना जाता है। जसनाथी सिद्ध, रतजगे के समय आग के अंगारों पर यह नृत्य करते हैं।

**78. भरहुत का स्तूप किस राजवंश की कला का सुन्दर उदाहरण है?**

(a) कुषाणयुगीन स्थापत्य (b) चोल स्थापत्य
(c) शुंगकालीन स्थापत्य (d) गुप्तकाल के स्थापत्य
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– **भरहुत का स्तूप** - बौद्ध कला के प्राचीन चरण का प्रतिनिधित्व करता है और इसे शुंग वंश की कला से जोड़ा जाता है। भरहुत स्तूप को सबसे पहले मौर्य राजा अशोक ने बनवाया था, लेकिन बाद में शुंग वंश के राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया।

**79. 'ललित विग्रहराज' नाटक की रचना किसने की?**

(a) कल्हण (b) हेमचन्द्र
(c) महेश (d) सोमदेव
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– बीसलदेव एक प्रतापशाली राजा एवं संस्कृत के अच्छे कवि थे। उन्होंने अपना 'हरकेलिविजय' नाटक शिलापट्टों पर खुदवाया तथा राजकवि सोमदेव ने ललित विग्रह नामक नाटक भी लिखा।

**80. कृष्णदेव राय द्वारा निम्नलिखित किस कवि को 'आन्ध्र कविता पितामह' की उपाधि दी गयी थी?**
(a) भट्टमूर्ति (b) अल्लसानी पेड्डुना
(c) पिंगली सूरन्ना (d) तेनाली रामकृष्ण
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– विजयनगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय ने अल्लासानी पेद्दाना को 'आंध्र कविता पितामह' की उपाधि दी थी। अल्लासानी पेद्दाना एक महान कवि थे और तेलुगू कविता के प्रणेता माने जाते हैं। उन्होंने मनुचरितम और हरिकथासारम जैसी रचनाएं की थीं। कृष्णदेव राय के शासनकाल को तेलुगु साहित्य का स्वर्ण युग माना जाता है।

**81. अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में निर्मित किस इमारत में बौद्ध स्थापत्य कला का अनुसरण किया गया था?**
(a) बुलन्द दरवाजा
(b) शेख सलीम चिश्ती का मकबरा
(c) तुर्की सुल्ताना का महल
(d) पंचमहल
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– अकबर ने फ़तेहपुर सीकरी में बने पंचमहल को बनाने में बौद्ध मठों की वास्तुकला से प्रेरणा ली थी। पंचमहल, फ़तेहपुर सीकरी की सबसे महत्त्वपूर्ण इमारतों में से एक है। यह पांच मंज़िला स्तंभों वाला मंडप है।

**82. राजस्थान राज्य का प्रथम राजप्रमुख किसे नियुक्त किया गया?**
(a) महाराजा करणी सिंह, बीकानेर
(b) महाराजा उम्मेद सिंह, जोधपुर
(c) महाराणा भगवत सिंह, उदयपुर
(d) महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय, जयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान के पहले राजप्रमुख जयपुर के महाराजा सवाई मान सिंह थे, उन्हें 30 मार्च, 1949 को राजप्रमुख बनाया गया था। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर, 7वें संविधान संशोधन के तहत 1 नवंबर, 1956 को राजप्रमुख संस्था को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद, 25 अक्टूबर, 1956 को श्री गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया।

**83. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'सुरकोटड़ा' नामक हड़प्पा संस्कृति के स्थल की खोज की गई थी?**
(a) एस.आर. राव (b) बी.बी. लाल
(c) जगतपति जोशी (d) बाई.डी. शर्मा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के जगतपति जोशी ने गुजरात के कच्छ ज़िले में स्थित सुरकोटड़ा की खोज की थी। इसकी खोज 1964 में हुई थी।

**84. चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी पुत्री प्रभावती का विवाह किस राजवंश में कर अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाया?**
(a) कदम्ब वंश (b) लिच्छवी वंश
(c) नाग वंश (d) वाकाटक वंश
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– वाकाटकों का सहयोग पाने के लिए चन्द्रगुप्त ने अपनी पुत्री प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक नरेश रूद्रसेन द्वितीय के साथ कर दिया।

**85. अगस्त, 1953 में भारत सरकार द्वारा गठित किये गये राज्य पुनर्गठन आयोग के निम्नलिखित में से कौन सदस्य थे?**
**(i) सर तेज बहादुर सप्रू (ii) जस्टिस फजल अली**
**(iii) के. एम. पन्निकर (iv) हृदयनाथ कुंजरु**
**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) (ii) एवं (iv)
(b) (ii) एवं (iii)
(c) (i), (ii), (iii) एवं (iv)
(d) (ii), (iii) एवं (iv)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– भारत सरकार ने दिसंबर, 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया था, इस आयोग के सदस्य-
– न्यायमूर्ति फ़ज़ल अली, आयोग के अध्यक्ष
- सरदार केएम पणिक्कर
- हृदय नाथ कुंजरू

**86. एल्ब नदी और राइन नदी किस सागर में अपना जल गिराती हैं?**
(a) भूमध्य सागर (b) उत्तरी सागर
(c) ब्लैक सी (काला सागर) (d) एड्रियाटिक सागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– एल्बे नदी - यह नदी जर्मनी और चेक गणराज्य से होकर बहती है और कुक्सहेवन में उत्तरी सागर में गिरती है।
– राइन नदी - यह नदी स्विट्ज़रलैंड में शुरू होकर जर्मनी और नीदरलैंड से होकर बहती है और उत्तरी सागर में गिरती है।

**87. निम्न में से किस सूफी संप्रदाय का प्रसार मुख्यत: सिन्ध, मुल्तान और पंजाब तक सीमित था?**
(a) नक्शबंदी (b) कादिरी
(c) चिश्ती (d) सुहरावर्दी
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– सुहरावर्दी सूफ़ी संप्रदाय का प्रसार मुख्य रूप से सिंध, मुल्तान और पंजाब तक सीमित था। इस संप्रदाय की स्थापना बगदाद में शेख शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी ने की थी। भारत में इस संप्रदाय के वास्तविक संस्थापक शेख बहाउद्दीन ज़कारिया थे।

**88. गोपाल कृष्ण गोखले ने भारत सेवक समाज (Servants of India Society) की स्थापना किस वर्ष में की?**

(a) 1906 (b) 1907
(c) 1905 (d) 1904
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले ने 1905 में, पुणे (महाराष्ट्र) में की थी।

**89. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सितम्बर, 1920 में कलकत्ता में जो विशेष अधिवेशन आयोजित किया गया था और जिसमें असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव पारित किया गया, उसके अध्यक्ष कौन थे?**

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) विजय राघवाचारी
(d) लाला लाजपत राय
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– 1920 का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन कलकत्ता में हुआ था। लाला लाजपत राय इस अधिवेशन के अध्यक्ष थे। इसमें असहयोग आंदोलन के प्रस्ताव को पारित हुआ।

**90. भारत के कौन-से क्षेत्र उत्तरी-पूर्वी मानसून से वर्षा प्राप्त करते हैं?**

**A. तमिलनाडु तट** **B. गुजरात तट**
**C. दक्षिणी आन्ध्र प्रदेश** **D. दक्षिण-पूर्व कर्नाटक**

**कूट :-**

(a) A, C और D (b) A, B, C और D
(c) A, B और C (d) B, C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

– उत्तर-पूर्वी मानसून को लौटते हुए मानसून भी कहा जाता है, यह दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम खत्म होने के बाद इन क्षेत्रों में बारिश लाता है।

**91. कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **झील** | **राज्य में स्थिति** |
|---|---|
| (a) पुलिकट | - तमिलनाडु |
| (b) भीमताल | - उत्तराखण्ड |
| (c) रूपकुण्ड | - हिमाचल प्रदेश |
| (d) लोकटक | - मणिपुर |

(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– **रूपकुंड झील** - उत्तराखंड के चमोली ज़िले में स्थित है और त्रिशूल पर्वत की गोद में बसी हुई है। रूपकुंड झील को 'कंकालों की झील' या 'रहस्यमयी झील' के नाम से भी जाना जाता है।

**92. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राज्य अमेरिका का औद्योगिक प्रदेश नहीं है?**

(a) ग्रेट कान्हावा घाटी प्रदेश
(b) सिनसिनाटी इंडियानापोलिस प्रदेश
(c) मिशिगन झील प्रदेश
(d) मिडलैण्ड्स प्रदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**

– संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र - सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स, पोर्टलैंड, सिएटल, इंजिन, सैक्रामेंटो, सैन डिएगो।

**93. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में मरुस्थलीकरण की समस्या न्यूनतम है?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूरोप
(c) अफ्रीका (d) एशिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– यूरोप एकमात्र ऐसा महाद्वीप है, जहां रेगिस्तान नहीं है। अंटार्कटिका विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल है।

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**A. कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिये प्रसिद्ध हैं।**
**B. नालागढ़ दून सभी दूनों में सबसे बड़ा है।**
**C. नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।**
**D. 'फूलों की घाटी' हिमाचल और उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।**

**कूट:-**

(a) B और C सही हैं। (b) A, B, C और D सही हैं।
(c) A, B और C सही हैं। (d) A, C और D सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– देहरादून भारत में शिवालिक पर्वत श्रृंखला की सबसे बड़ी दून (घाटी) है। यह उत्तराखंड राज्य में स्थित है।

**95. निम्नलिखित में से कौन-से जिलों का समूह प्राप्त मॉनसूनी वर्षा की मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम में सही ढंग से व्यवस्थित है?**

(a) भीलवाड़ा, बारां, सीकर
(b) धौलपुर, राजसमंद, जालौर
(c) पाली, जयपुर, भरतपुर
(d) राजसमंद, जालौर, धौलपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– पूर्वी मानसून राजस्थान में पूर्वी दिशा से प्रवेश करता है। पूर्वी दिशा से प्रवेश करने के कारण मानसूनी हवाओं को पूरवइयां के नाम से जाना जाता है।

– यह मानसून राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा करवाता है।

**96. निम्नलिखित में से किन तीन नदियों के संगम को 'त्रिवेणी' कहा जाता है?**
(a) गम्भीरी, मांसी, धुन्ध (b) बनास, मैनाल, बेडच
(c) सोम, आहू, बाण्डी (d) कोठारी, खोरी, बेडच
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– मांडलगढ़ क्षेत्र के त्रिवेणी संगम का धार्मिक महत्त्व है। यहां बेड़च, बनास और मेनाली नदियां मिलती हैं।

| त्रिवेणी संगम स्थल | नदियां |
|---|---|
| साबंला (बेणेश्वर) | सोम-माही-जाखम |
| मांडलगढ़ (बींगोद) | बनास -बेड़च-मेनाल |
| मानपुर (रामेश्वर घाट) | चम्बल-बनास-सीप |
| राजमहल | बनास-खारी-डोई |

**97. भारत राज्य वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वनस्पति आवरण के संदर्भ में वन क्षेत्र 16,654 वर्ग किमी. है व राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का______प्रतिशत है।**
(a) 7.48 (b) 6.74
(c) 4.87 (d) 8.47
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के मुताबिक, देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71% वन क्षेत्र है। जो राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का 4.87 प्रतिशत है।

**98. भारत में बॉक्साइट और अभ्रक के सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौन-से हैं?**
**बॉक्साइट** **अभ्रक**
(a) छत्तीसगढ़ - ओडिशा
(b) मध्य प्रदेश - महाराष्ट्र
(c) झारखण्ड - राजस्थान
(d) ओडिशा - आन्ध्र प्रदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– भारत में बॉक्साइट के निक्षेप मुख्यत: अमरकंटक पठार, मैकाल पहाड़ियों तथा बिलासपुर-कटनी के पठारी प्रदेश में पाए जाते हैं। ओडिशा भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य है।

**99. पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर जोड़ता है ................।**
(a) दीमापुर को वडोदरा से
(b) इम्फाल को अहमदाबाद से
(c) गुवाहाटी को काण्डला बन्दरगाह से
(d) सिलचर को पोरबन्दर से
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– **पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर** - भारत के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों को जोड़ने वाली एक प्रमुख राजमार्ग परियोजना है, यह सिलचर और पोरबंदर शहरों को जोड़ता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 (NH-27) के नाम से भी जाना जाता है।

**100. गलत युग्म का चयन कीजिये-**
(a) कटड़ा - दक्षिणी अरावली
(b) सतूर - मध्य अरावली
(c) महोहरपुर - उत्तरी अरावली
(d) दुर-मरयाजी - मध्य अरावली
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– दुनिया के सबसे पुराने वलित पर्वतों में से एक उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली अवशिष्ट पर्वत बनाती है। अरावली पर्वत श्रेणियाँ राजस्थान का एक विशिष्ट भौगोलिक प्रदेश है।

**101. निम्नलिखित में से वर्ष 2001-2011 के मध्य में न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला कौनसा है?**
(a) श्री गंगानगर (b) बाड़मेर
(c) बूंदी (d) पाली
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– 2001-2011 के दशक में राजस्थान के गंगानगर ज़िले में सबसे कम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर रही थी, जबकि बाड़मेर ज़िले में सबसे ज़्यादा दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर रही थी।

**102. राजस्थान में कालाखुटा, लीलवानी, नारदिया, तिम्मामोरी किस खनिज के उत्पादक क्षेत्र है?**
(a) टंगस्टन (b) मैंगनीज
(c) लौह-अयस्क (d) ताँबा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान के बांसवाड़ा ज़िले में स्थित मैंगनीज़ खनन के लिए प्रसिद्ध है।
– राजस्थान में 82 तरह के खनिज पाए जाते हैं जिनमें से 58 का व्यावसायिक रूप से दोहन किया जाता है।
– राजस्थान में सीसा और जस्ता अयस्कों, सेलेनाइट और वोलस्टोनाइट का एकमात्र उत्पादन होता है।

**103. कालीसिंध सुपर ताप बिजली स्टेशन अवस्थित है-**
(a) झालावाड़ (b) बारां
(c) बाँसवाड़ा (d) डूंगरपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– कालीसिंध सुपर ताप बिजली स्टेशन - झालावाड़ ज़िले के उंडेल गांव में है, इस पावर प्लांट का संचालन राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RVUNL) करता है।

**104. कौनसा सुमेलित नहीं है?**
**वन्यजीव अभयारण्य** **जिला**
(a) बस्सी - चित्तौड़गढ़
(b) शेरगढ़ - बूंदी
(c) सीतामाता - प्रतापगढ़
(d) रामसागर वन विहार - धौलपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य - बारां जिले में स्थित है। यह अभयारण्य अपनी समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के लिए जाना जाता है।

**105. माही कंचन तथा आर सी बी 911 संकर किस्में हैं-**
(a) क्रमशः मक्का तथा चावल की
(b) क्रमशः मक्का तथा जौ की
(c) क्रमशः बाजरा तथा मक्का की
(d) क्रमशः मक्का तथा बाजरे की
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
- माही कंचन, माही धवल और मेघा मक्का की किस्में हैं।
- बाजरे की उन्नत किस्में – राज 171, आरएचबी 30, आरसीबी 911, बाजरा 2आरसीबी आदि।

**106. चुकन्दर पर आधारित प्रथम चीनी उद्योग स्थापित हुआ था-**
(a) भोपालसागर में (b) श्री गंगानगर में
(c) उदयपुर में (d) केशोरायपाटन में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
- राजस्थान में चुकंदर से चीनी बनाने की योजना श्रीगंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड में शुरू की गई थी।

**107. माही बजाज सागर परियोजना एक संयुक्त उद्यम है-**
(a) गुजरात तथा राजस्थान का
(b) राजस्थान, पंजाब तथा गुजरात
(c) मध्यप्रदेश तथा राजस्थान का
(d) राजस्थान, गुजरात तथा मध्य प्रदेश का
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
- माही बजाज सागर बाँध भारत के राजस्थान राज्य के बांसवाड़ा ज़िले में माही नदी पर स्थित एक बाँध है। इसका निर्माण जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन और जल प्रबन्धन के लिए हुआ।

**108. मेनका गांधी वाद, 1978 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अनुच्छेद 21 के न्यायिक निर्वचन के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए।**
(a) 'कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया' संयुक्त राज्य अमरीका में विद्यमान 'उचित प्रक्रिया' के मोटे तौर पर समानार्थक है।
(b) यह भार याचिकाकर्ता पर है, कि वह सिद्ध करे कि जिस कानून की प्रक्रिया से उसे उसके जीवन या दैहिक स्वतंत्रता से वंचित किया गया है, वह स्वेच्छाचारी है।
(c) 'जीवन का अधिकार' में 'गरिमा के साथ जीने का अधिकार शामिल है।
(d) अनुच्छेद 21, 19 व 14 परस्पर अनन्य नहीं है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
- मेनका गांधी बनाम संघ 1978 - यह निर्णय सात न्यायाधीशीय खंडपीठ द्वारा किया गया, जिसमें इस खंडपीठ द्वारा संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को दोहराया गया।

**109. नथमल जी की हवेली अवस्थित है-**
(a) बीकानेर (b) बाड़मेर
(c) जैसलमेर (d) जोधपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
- नाथमल जी की हवेली जैसलमेर में स्थित है। यह हवेली अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है।

**110. भारत की संविधान सभा के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**
**(i) संविधान सभा का अंतिम अधिवेशन 24 जनवरी, 1950 को हुआ।**
**(ii) इस अंतिम अधिवेशन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित किए गए।**
(a) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है।
(d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
- संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन (1946) योजना के तहत हुआ था। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को नई दिल्ली के कंस्टिट्यूशन हॉल में हुई थी। संविधान सभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को संविधान सभा का अस्थायी अध्यक्ष चुना गया था।

**111. भारत के संविधान की निम्नांकित में से कौन-सी अनुसूची पहले संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान में जोड़ी गई थी?**
(a) दसवीं
(b) छठी
(c) सातवीं
(d) नवीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
- भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची को पहले संविधान संशोधन (1951) के द्वारा संविधान में जोड़ी गई थी।

**112. निम्नलिखित सूची-P (निर्देशक सिद्धांत) को सूची-R (अनुच्छेद) के साथ सुमेलित कीजिए :**

| **सूची-P** | **सूची- R** |
|---|---|
| **A. समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता** | **I. अनुच्छेद 48 A** |
| **B. पर्यावरण की सुरक्षा** | **II. अनुच्छेद 39 A** |
| **C. काम करने का अधिकार** | **III. अनुच्छेद 41** |
| **D. स्मारकों का संरक्षण** | **IV. अनुच्छेद 49** |

**सही विकल्प चुनें :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | II | I | III | IV |
| (b) | I | III | IV | II |
| (c) | II | III | I | IV |
| (d) | III | I | IV | II |

(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
- भारतीय संविधान के भाग-IV के अंतर्गत अनुच्छेद 36-51 राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) से संबंधित हैं।

**113. राज्य सभा के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए।**
(a) प्रथम संविधान संशोधन के लिए राज्यसभा का अनुसमर्थन नहीं लिया गया था।
(b) डॉ. एस. राधाकृष्णन राज्य सभा के एकमात्र सभापति हैं, जो लगातार दो कार्यकाल इस पद पर रहे।
(c) तीन अवसरों पर राज्यसभा और लोकसभा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई है।
(d) वर्तमान में संघ राज्य क्षेत्रों से 8 सदस्य राज्य सभा में निर्वाचित होते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– डॉ. राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति भी थे, 1962 से 1967 तक भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे। यह एक प्रसिद्ध दार्शनिक, राजनेता और शिक्षक भी थे।
– डॉ. एस. राधाकृष्णन और श्री मोहम्मद हामिद अंसारी ऐसे दो राज्य सभा सभापति रहे हैं, जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल किए हैं।

**114. अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) लाल बहादुर शास्त्री ने अपने कार्यकाल के प्रतिवर्ष अधिकतम अविश्वास प्रस्तावों का सामना किया।
(b) 15 अगस्त, 2023 तक 27 अविश्वास प्रस्ताव, 9 विश्वास प्रस्ताव रखे गए हैं।
(c) अविश्वास प्रस्ताव केवल लोक सभा में रखा जा सकता है।
(d) जो सद्स्य अविश्वास प्रस्ताव रखना चाहता है, उसे उसकी सूचना लिखित में लोक सभा स्पीकर को देनी होती है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार अगस्त 1963 में जे.बी. कृपलानी ने अविश्वास प्रस्ताव रखा था।
– लाल बहादुर शास्त्री और नरसिंह राव की सरकारों ने तीन-तीन बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया।
– सबसे ज़्यादा अविश्वास प्रस्ताव इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आए।

**115. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(i) राजनीति शास्त्रियों द्वारा कही गई 'कांग्रेस प्रणाली' का 1989 के लोक सभा चुनावों के साथ अंत हो गया।**
**(ii) 1989 के लोक सभा चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सबसे बड़ी अकेली पार्टी के रूप में उभरी।**
(a) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है।
(d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– लोकसभा का संघटन सार्वभौम वयस्क मताधिक के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों से किया जाता है। संविधान में व्यवस्था है कि सदन की अधिकतम सदस्य संख्या 550 होगी

**116. निम्नलिखित सूची-P (CAG) को सूची-R (अनुच्छेद) के साथ सुमेलित कीजिए :**

| सूची-P | सूची-R |
|---|---|
| A. CAG की नियुक्ति | I. अनुच्छेद 148 |
| B. CAG के कर्तव्य और शक्तियाँ | II. अनुच्छेद 151 |
| C. संघ के खातों का प्रपत्र | III. अनुच्छेद 149 |
| D. ऑडिट रिपोर्ट | IV. अनुच्छेद 150 |

**सही विकल्प चुनें।**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | II | III | I | IV |
| (b) | I | III | IV | II |
| (c) | II | I | III | VI |
| (d) | III | I | IV | II |

(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– अनुच्छेद 148 में CAG की नियुक्ति, शपथ, कार्यकाल और हटाए जाने से जुड़े प्रावधान हैं।
– अनुच्छेद 149 और 150 में CAG के कर्तव्य और अधिकारों के बारे में बताया गया है।
– अनुच्छेद 151 - CAG, भारत सरकार की रिपोर्ट राष्ट्रपति को और राज्य सरकार की रिपोर्ट राज्यपाल को देता

**117. सूचना का अधिकार अधिनियम की निम्न में से कौनसी धारा केन्द्रीय सूचना आयोग के कार्य और शक्तियों से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) 19
(b) 25
(c) 12
(d) 18
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या-**
– सूचना का अधिकार अधिनियम - यह अधिनियम 12 अक्टूबर, 2005 से लागू हुआ। इस अधिनियम का मकसद नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार को रोकना, और लोकतंत्र को लोगों के लिए कामयाब बनाना है।

**118. निम्नांकित में से किस आयोग ने अन्तर राज्य परिषद् के स्थान अन्तर सरकार परिषद् स्थापित करने की अनुशंसा की थी?**
(a) पूंछी आयोग
(b) राजमन्नार आयोग
(c) सरकारिया आयोग
(d) प्रशासनिक सुधार आयोग, 1969
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– सरकारिया आयोग का गठन भारत सरकार ने जून, 1983 में किया था। इसके अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायधीश न्यायमूर्ति रणजीत सिंह सरकारिया थे।

**119. 2022 के राष्ट्रपति के निर्वाचन में राजस्थान विधान सभा के प्रत्येक सदस्य का मत-मूल्य था-**
(a) 132 (b) 149
(c) 116 (d) 129
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान के 200 विधायक एवं 35 सांसद डालेंगे वोट डालते है। प्रत्येक सदस्य का मत-मूल्य 129 है।

**120. संविधान के अनुच्छेद 217 (a) के अनुसार, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से भिन्न किसी न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति किसके परामर्श उपरांत करेगा?**
(a) राजस्थान के राज्यपाल, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति।
(b) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति, भारत के महान्यायवादी तथा राजस्थान के राज्यपाल।
(c) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति तथा राजस्थान के राज्यपाल।
(d) संघ के कानून एवं न्याय मंत्री तथा राजस्थान के राज्यपाल।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– भारत के संविधान के अनुच्छेद 217(a) के मुताबिक, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भिन्न किसी न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व राजस्थान के राज्यपाल के परामर्श से करते हैं।

**121. निम्न में से किसकी सिफारिश पर राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर राज्यपाल की व्यवस्था की गई?**
(a) संविधान सभा
(b) राज्य विधान सभा
(c) राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग
(d) राज्य पुनर्गठन आयोग
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर राज्यपाल की व्यवस्था राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर की गई थी। 7वें संविधान संशोधन के तहत 1 नवंबर, 1956 को राजप्रमुख के पद को समाप्त कर दिया गया था। इसके बाद, श्री गुरुमुख निहाल सिंह को 25 अक्टूबर, 1956 को राजस्थान का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

**122. निम्न में से कौन-सा कथन राजस्थान के मुख्यमंत्री के सम्बन्ध में सही नहीं है?**
(a) 1975 के आपातकाल के समय मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे।
(b) मोहनलाल सुखाड़िया ने चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
(c) सी.एस. वेंकटाचारी निर्वाचित मुख्यमंत्री नहीं थे।
(d) बरकतुल्ला खां सबसे कम समय तक मुख्यमत्री रहे।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**
– हीरालाल देवपुरा सबसे कम समय की अवधि (मात्र 16 दिन) के लिए राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

**123. राजस्थान की मंत्रिपरिषद् की न्यूनतम सदस्य संख्या क्या हो सकती है?**
(a) 10 (b) 12
(c) 05 (d) 08
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– भारतीय संविधान के 91वें संशोधन अधिनियम के मुताबिक राजस्थान में मंत्रिपरिषद में न्यूनतम सदस्यों की संख्या 11 + 1 मुख्यमंत्री सहित हो सकती है।

**124. राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(i) आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य राजस्थान के राज्यपाल द्वारा नियुक्त होते हैं।**
**(ii) आयोग के अध्यक्ष या कोई अन्य सदस्य केवल राष्ट्रपति की आज्ञा से अपने पद से हटाए जा सकते हैं।**
(a) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है।
(d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– राजस्थान राज्य के गठन के समय कुल 22 प्रांतों में से मात्र 3 प्रांत जयपुर, जोधपुर एवं बीकानेर में ही लोक सेवा आयोग कार्यरत थे । राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना दिनांक 22 दिसम्बर, 1949 को हुयी थी ।
– राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल करते हैं, संविधान के भाग XIV के अनुच्छेद 315 से 323 में राज्य लोक सेवा आयोग से जुड़े प्रावधान हैं।

**125. तहसीलदार की नियुक्ति होती हैं-**
(a) कर्मचारी चयन आयोग द्वारा
(b) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा
(c) राजस्व मंडल द्वारा
(d) राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– तहसीलदार की नियुक्ति राजस्व मंडल द्वारा की जाती हैं। राजस्व मण्डल का मुख्यालय अजमेर में है तथा एक सर्किट बेंच जयपुर में भी है।

**126. निम्नांकित में से कौन-सा एक राजस्थान अर्बन ड्रिंकिंग वॉटर सिवरेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड का हिस्सा नहीं है?**
(a) राजस्थान आवास विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
(b) राजस्थान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस एंड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(c) राजस्थान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट प्रोजेक्ट
(d) राजस्थान हाउसिंग बोर्ड
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– **राजस्थान अर्बन ड्रिंकिंग वॉटर सिवरेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड का हिस्सा -** राजस्थान आवास विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, राजस्थान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस एंड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड।

**127. किस संशोधन अधिनियम द्वारा 'ग्राम सेवक' को 'ग्राम विकास अधिकारी' से प्रतिस्थापित किया गया है?**

(a) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2017
(b) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2015
(c) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2021
(d) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2019
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2021 - राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 89 में संशोधन कर 'ग्राम सेवक' को 'ग्राम विकास अधिकारी' से प्रतिस्थापित किया गया है।

**128 अप्रैल, 2023 में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सूचना आयोग की एक पीठ की स्थापना किस शहर में किया जाना स्वीकृत किया गया है?**

(a) कोटा में (b) अजमेर में
(c) उदयपुर में (d) जोधपुर में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– राजस्थान में सूचना आयोग की पीठ जोधपुर में स्थापित करने की घोषणा मार्च, 2023 को की थी, इस पीठ की स्थापना सूचना के अधिकार (आरटीआई) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए की जाएगी।

**129. निम्नांकित में से किस योजना का संबंध इस नारे से है - "कोई भूखा न सोए"?**

(a) इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना
(b) बालगोपाल योजना
(c) इंदिरा रसोई योजना
(d) अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– **अन्नपूर्णा रसोई योजना** - पूर्व में इंदिरा रसोई योजना के नाम से जानी जाती थी।
– इस योजना की शुरुआत का मकसद है कि “कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए”। इस योजना के तहत 8 रुपये प्रति प्लेट के हिसाब से खाना उपलब्ध कराया जाता है।

**130. राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:**

**(i) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानानुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य हैं।**

**(ii) वर्तमान में न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास इसके अध्यक्ष हैं।**

(a) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है।
(d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

राजस्थान की राज्य सरकार ने 18 जनवरी, 1999 को एक अधिसूचना राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के गठन के संबंध में जारी की, जिसमें मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के प्रावधानुसार एक पूर्णकालिक अध्यक्ष एवं चार सदस्य रखे गये। मानव अधिकार संरक्षण (संशोधित) अधिनियम, 2006 के अनुसार राज्य मानव अधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्य का प्रावधान किया गया है।

**131. 2014 में नरपतमल लोढ़ा की अध्यक्षता में गठित समिति निम्न में से किस विषय से सम्बन्धित है?**

(a) मानवाधिकार (b) पंचायती राज
(c) लोकायुक्त (d) राज्यपाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

– लोकायुक्त अधिनियम के प्रावधानों को संशोधित कर अधिनियम को सशक्त व प्रभावी बनाने के लिए महाधिवक्ता श्री नरपत मल लोढ़ा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।

**132. राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये :**

**(i) भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ट के अधीन जुलाई, 1994 में इसका गठन किया गया।**

**(ii) राज्य निर्वाचन आयुक्त के प्रधानत्व में यह एक सदस्यीय आयोग है।**

(a) (i) व (ii) दोनों सही हैं। (b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है। (d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

– राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयोग - भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ट के अधीन जुलाई, 1994 में इसका गठन किया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के प्रधानत्व में यह एक सदस्यीय आयोग है।

**133. मुद्रास्फीति के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये -**

**कथन-(A): हैडलाइन मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में परिवर्तन की दर को संदर्भित करती है जो एक विशिष्ट परिवार द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की एक मानक टोकरी की औसत कीमत का माप है।**

**कथन-(B): कोर मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से अस्थिर मूल्य वाली कुछ वस्तुओं जैसे खाद्य और ईंधन को बाहर करने के बाद औसत उपभोक्ता कीमतों में बदलाव को मापती है।**

**इन कथनों में से -**

(a) कथन (A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) कथन (A) और (B) दोनों ही सही नहीं
(c) केवल कथन (A) राही है।
(d) केवल कथन (B) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

- कोर मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से अस्थिर मूल्य वाली कुछ वस्तुओं जैसे खाद्य और ईंधन को बाहर करने के बाद औसत उपभोक्ता कीमतों में बदलाव को मापती है।
- हेडलाइन मुद्रास्फ़ीति - किसी अर्थव्यवस्था में कुल मुद्रास्फ़ीति का एक माप है, इसमें खाद्य और ऊर्जा जैसी वस्तुओं की कीमतें शामिल होती हैं।

**134. इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**
**(i) यह शहरी इलाकों में निवास करने वाले परिवारों को 125 दिवसों के प्रतिवर्ष रोज़गार की गारंटी देती है।**
**(ii) पंजीकरण के बाद, पात्र अभ्यर्थी को 30 दिवसों में रोज़गार उपलब्ध करवाया जाता है।**

(a) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(b) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(c) केवल (i) सही है।
(d) केवल (ii) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**

- **इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना** - राजस्थान सरकार द्वारा 2022 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य शहरी इलाकों में निवास करने वाले परिवारों को 125 दिवसों के प्रतिवर्ष रोज़गार की गारंटी देती है।

**135. निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सकल राजकोषीय घाटे के सूत्र को दर्शाता है ?**

(a) सकल राजकोषीय घाटा = कुल व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ
(b) सकल राजकोषीय घाटा = प्राथमिक घाटा + विदेशों से प्राप्त शुद्ध उधार
(c) सकल राजकोषीय घाटा = शुद्ध घरेलू उधार + आर.बी.आई. से उधार + विदेशी उधार
(d) सकल राजकोषीय घाटा = राजस्व घाटा + पूँजी व्यय
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

- **राजकोषीय घाटा -** सरकार के कुल खर्च और कुल आय के बीच के अंतर को कहते हैं।
- सकल राजकोषीय घाटा = प्राथमिक घाटा + विदेशों से प्राप्त शुद्ध उधार।

**136. निम्नांकित में से कौन-सी वस्तु लोक वस्तु (पब्लिक गुड) नहीं है?**

(a) राष्ट्रीय सुरक्षा (b) सरकारी प्रशासन
(c) सड़कें (d) कारें
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

- **सार्वजनिक वस्तु या लोक वस्तु** - ये वस्तुएं या सेवाएं समाज के सभी लोगों के लिए उपलब्ध होती हैं, इन वस्तुओं को गैर-प्रतिद्वंद्वी और गैर-बहिष्कृत माना जाता है।
- **उदाहरण** - राष्ट्रीय रक्षा, पुलिस, अग्निशमन सेवाएं, स्वच्छ हवा, पेयजल, सार्वजनिक सड़कें।

**137. वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2023 में भारत किस क्रम पर है?**

(a) 118 (b) 115
(c) 136 (d) 126
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी साल 2024 की विश्व खुशहाली रिपोर्ट में भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है।

**138. ऑटोमोबाइल क्षेत्र के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) यह क्षेत्र भारत की सकल घरेलू उत्पाद में 7.1 प्रतिशत योगदान देता है।
(b) वर्ष 2021 के अंत में इस क्षेत्र ने 5.3 करोड़ का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजन किया।
(c) वर्ष 2021 में भारत दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दुनिया में सबसे बड़ा निर्माता था।
(d) वर्ष 2021 में भारत यात्री कारों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्माता था।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

- ऑटोमोबाइल उद्योग में मोटर वाहनों के डिज़ाइन, विकास, निर्माण, विपणन, बिक्री, मरम्मत, और संशोधन से जुड़ी कई कंपनियां और संगठन शामिल होते हैं।
- ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2026, स्क्रैपेज पॉलिसी, जो उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना।

**139. निम्नांकित में से कौन राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है?**

(a) ब्याज दर (b) सार्वजनिक व्यय
(c) करारोपण (d) हीनार्थ प्रबन्ध
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

- **राजकोषीय नीति** - सरकार द्वारा अपने खर्च और कर दरों में बदलाव करके देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने और उसकी निगरानी करने की नीति है।

**140. निम्न में से कौन-सा उपाय चयनात्मक साख नियंत्रण के सम्बन्ध में सही विकल्प नहीं है?**

(a) सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना
(b) उधार सीमा (मार्जिन) में परिवर्तन
(c) नैतिक दबाव
(d) साख राशनिंग
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) मात्रात्मक व चयनात्मक साख नियंत्रण को विनियमित करता है।
- साख नियंत्रण की मात्रात्मक तकनीकों में बैंक दर, नकद आरक्षित अनुपात (CRR), खुले बाज़ार का संचालन, सांविधिक तरलता अनुपात (SLR) शामिल हैं।

**141. औषधि क्षेत्र के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है।
(b) भारत वैक्सीन निर्माण में वैश्विक उत्पादन में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है।
(c) औषधीय उत्पादों के उत्पादन में मात्रा के आधार पर भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है।
(d) औषधीय उत्पादों के उत्पादन में मूल्य के हिसाब से भारत दुनिया में 14वें स्थान पर है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– भारत को अपनी दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता के कारण "विश्व की फ़ार्मेसी" के नाम से जाना जाता है।
– भारत सरकार ने फ़ार्मास्युटिकल क्षेत्र में फ़ार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार पर राष्ट्रीय नीति बनाई है।

**142. राजस्थान की मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के बारे में निम्न में से कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**
(a) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 10 करोड़ तक के ऋणों पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(b) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 15 करोड़ तक के ऋणों पर 4 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(c) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 25 लाख तक के ऋणों पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(d) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 5 करोड़ तक के ऋणों पर 6 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**
– **मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना** - 17 दिसंबर, 2019 को शुरू की गई, यह योजना स्वयं के उद्यम (विनिर्माण, सेवा और व्यापार) की स्थापना और स्थापित उद्यम के विस्तार/विविधिकरण/आधुनिकीकरण के लिए कम लागत पर 10 करोड़ तक ऋण उपलब्ध करवाकर रोजगार के नवीन अवसरों का सृजन करना है।

**143. वर्ष 2022-23 में, राजस्थान के सेवा क्षेत्र के प्रचलित मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में किस उपक्षेत्र का योगदान सर्वाधिक रहा?**
(a) व्यापार, होटल एवं जलपान गृह
(b) परिवहन, भण्डारण एवं संचार
(c) वित्तीय सेवाएँ
(d) स्थावर सम्पदा, आवासीय गृहों का स्वामित्व एवं पेशेवर सेवाएँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– अर्थव्यवस्था के किसी क्षेत्र, उद्योग, या क्षेत्र में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य का माप भी सकल मूल्यवर्धन (GVA) कहलाता है।
– सकल मूल्यवर्धन (GVA) = सकल घरेलू उत्पाद + सब्सिडी – कर।

**144. वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सांकेतिक अथवा प्रचलित मूल्यों पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कितना प्रतिशत भाग राजस्थान के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के होने का अनुमान है?**
(a) 5.18 प्रतिशत
(b) 6.54 प्रतिशत
(c) 3.78 प्रतिशत
(d) 4.86 प्रतिशत
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) - एक निश्चित अवधि में उत्पादित होने वाली सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य को मापता है।

**145. राजस्थान में अटल भू-जल योजना के लिये निम्न में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**(a) अटल भू-जल योजना भारत सरकार की वित्तीय सहायता से राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही है।**
**(b) इस योजना का फोकस भू-जल प्रबन्धन में सुधार करना और इसके गिरते स्तर को रोकना हैं।**
**नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चुनाव कीजिये :**
(a) केवल (b)
(b) न तो (a) न ही (b)
(c) (a) और (b) दोनों
(d) केवल (a)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**व्याख्या-**
– **अटल भूजल योजना** - इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर, 2019 को की थी।
– इस योजना का उद्देश्य समुदाय द्वारा संचालित सतत भूजल प्रबंधन को बढ़ावा देना है।

**146. राजस्थान में किस एजेंसी को पी.एम. - कुसुम योजना (कम्पोनेंट A) के क्रियान्वयन के जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें 0.5 मेगावॉट से 2 मेगावॉट क्षमता तक के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाने हैं?**
(a) राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड
(b) ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिऐंसी
(c) राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम
(d) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**
– प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना मार्च, 2019 में शुरू हुई थी। इस योजना के तहत, किसानों को खेती के लिए सौर सिंचाई पंप स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**147. राजस्थान में ऊर्जा संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 5 जून
(b) 14 दिसम्बर
(c) 21 मार्च
(d) 22 अप्रैल
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**व्याख्या-**

– राजस्थान में ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर को आयोजन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) करता है।

**148. राजस्थान सरकार ने राजस्थान राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन अधिनियम को किस वर्ष में अधिनियमित किया?**
(a) 2005
(b) 2008
(c) 2001
(d) 2003
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

राजस्थान सरकार ने राजस्थान राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 को लागू किया था।

भारत का राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम, 2003 को संसद द्वारा अधिनियमित किया गया।

**149. गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2022-23 में राजस्थान के सकल राज्य मूल्य वर्धन GSVA ( स्थिर 2011-12 बुनियादी मूल्यों पर) में किस क्षेत्र के योगदान में सर्वाधिक वृद्धि होने का अनुमान है?**
(a) सेवा क्षेत्र
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) कृषि क्षेत्र
(d) उद्योग क्षेत्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**व्याख्या-**

– बजट 2024 के अनुसार राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) (वर्तमान मूल्यों पर) 15.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**150. राजस्थान राज्य राजमार्ग विकास कार्यक्रम-II परियोजना के अन्तर्गत 801 किमी. लम्बाई के 11 राजमार्गों का उन्नयन किस एजेंसी द्वारा वित्त पोषित है?**
(a) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(b) नाबार्ड
(c) एशियन विकास बैंक
(d) विश्व बैंक
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**व्याख्या-**

– राजस्थान राजमार्ग विकास परियोजना के द्वितीय चरण के तहत राजस्थान की 801 किलोमीटर लंबी सड़कों और 11 राजमार्गों को विकसित करने के लिए विश्व बैंक के साथ 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर हुआ।

♦♦♦♦